**DAKSHATA**

# प्रशिक्षण पूर्व/पश्चात् ज्ञान आंकलन प्रश्नावली

नाम ......................................................................................... पद .........................................................................

स्वास्थ्य केन्द्र ..............................................................जिला ............................................ दिनांक ...........................

**कृपया सभी प्रश्नों के उचित उत्तर पर गोला लगायें** **समय अवधि: 15 मिनट**

---

1. माँ और नवजात के लिए कौन सा समय सबसे जोख़िम का होता है :

   (अ) प्रसव पूर्व समय
   (ब) प्रसव के दौरान और बच्चा पैदा होने के 48 घंटे बाद तक
   (स) प्रसव पश्चात् 48 घंटे से 42 दिन तक
   (द) प्रसव पश्चात् 42 दिन से 1 साल तक

2. सुनीता जो 8 महीने की गर्भवती है आपके स्वास्थ्य केन्द्र पर बहुत तेज सिरदर्द के साथ आती है। आप क्या करेंगे :

   (अ) उसको इन्तज़ार करने के लिए कहेंगे और 30 मिनट बाद देखेंगे
   (ब) तुरन्त जाँच करेंगे, उसका बीपी लेंगे और अपने केन्द्र के अनुसार उचित कार्यवाही करेंगे
   (स) डॉक्टर के आने का और उनके द्वारा देखने का इन्तज़ार करेंगे
   (द) तुरन्त उच्च स्वास्थ्य केन्द्र पर रेफर करेंगे

3. पार्टोग्राफ एक साधन है–

   (अ) प्रसव की प्रगति की निगरानी के लिए
   (ब) प्रसव की जटिलताओं के इलाज के लिए
   (स) एक्लैम्पसिया से पीड़ित महिलाओं की निगरानी के लिए
   (द) केवल प्रसव की प्रगति का रिकॉर्ड रखने के लिए

4. इनमें से किस स्थिति में गर्भवती महिला को एन्टीबायोटिक <u>**नहीं**</u> दी जानी चाहिए :

   (अ) लेबर शुरू होने के पहले सभी गर्भवती माताओं को
   (ब) गर्भवती माताएँ जिनका बदबूदार योनि स्त्राव हो रहा है
   (स) प्रसव के किसी भी चरण में उन सभी माताओं को जिनमें संक्रमण के चिन्ह आ रहे हैं
   (द) उस महिला को जिसके प्लेसेन्टा को हाथ से निकाला गया था

5. प्रसव पूर्व अवस्था में इन सभी गर्भवती महिलाओं को कॉर्टिकोस्टीरॉयड देना चाहिए :

   (अ) जो प्रसव पूर्व जाँच के लिए आ रही हैं
   (ब) जिसको अस्थमा है
   (स) जिसको फीटल डिस्ट्रेस हो रहा हो
   (द) जो 24–34 सप्ताह के गर्भ से हों और जिनको सही लेबर हो रहा हो

6. नीचे दिये गये वक्तव्यों में से लेबर के दौरान ऑक्सीटोसिन प्रयोग के बारे में सही वक्तव्य को चुनें :

**ऑक्सीटोसिन दिया जाता है :**

(अ) केवल उन महिलाओं को जिनमें प्रसव की प्रगति धीमी है
(ब) केवल उन महिलाओं को जिनको प्रसव–पश्चात् अधिक रक्तस्राव हो रहा हो
(स) सभी महिलाओं को बच्चे के जन्म से एक मिनट के अंदर
(द) बच्चा पैदा होने के पहले सभी माताओं को आईवी फ्लूइड के साथ इन्फ्यूज़न के रूप में

7. जैसे ही बच्चा पैदा हो एक नॉर्मल बच्चे के लिए इनमें से किस कार्य को सामान्य रूप से करना चाहिए :

(अ) उसकी साँस को सहायता देने के लिए सक्शन करना चाहिए
(ब) उसके तापमान को बनाये रखेने के लिए वार्मर में रखना चाहिए
(स) उसको गर्म तौलिये से सुखाना चाहिए
(द) तुरन्त नाल काट देनी चाहिए

8. नवजात शिशु को बैग और मास्क वेन्टीलेशन देना चाहिए, यदि वह :

(अ) जन्म के 30 सैकेंड के अन्दर प्रेरित करने के बाद भी अपने आप साँस लेना शुरू नहीं करता है
(ब) जन्म के बाद 1 मिनट तक प्रेरित करने पर भी अपने आप सांस लेना शुरू नहीं करता है
(स) जन्म के बाद 2 मिनट तक प्रेरित करने पर भी अपने आप सांस लेना शुरू नहीं करता है
(द) जन्म के तुरन्त बाद

9. प्राईमी ग्रेविडा में पेरिनीयल टियर को कम करने के लिए साधारणतः क्या करना चाहिये ?

(अ) एपीज़ियोटमी
(ब) पेशाब की थैली का कैथेटराईज़ेशन
(स) पर्याप्त पेरिनीयल सपोर्ट
(द) अनीमा

10. किस नवजात को विटामिन–'के' का इन्जेक्शन दिया जाता है ?

(अ) कम वज़न वाले बच्चे
(ब) समय से पूर्व जन्मे बच्चे
(स) सभी नवजात को
(द) सिर्फ उन बच्चों को जिनको खून बहने की बीमारी हो

11. इन्जेक्शन मैग्नीशियम सल्फेट की लोडिंग डोज़ (आईवी+आईएम) क्या है?

(अ) 20 ग्राम
(ब) 5 ग्राम
(स) 14 ग्राम
(द) 10 ग्राम

12. कम वज़न के बच्चों के समुचित प्रबंधन में निम्नलिखित में से कौन सा शामिल **नहीं** है

(अ) विशेष देखभाल तथा निगरानी
(ब) सामान्य देखभाल तथा शीघ्र डिस्चार्ज
(स) थर्मल प्रबंधन
(द) उच्च केन्द्र पर रेफर करना

13. निम्नलिखित में से कौन सा स्तनपान का सही तरीका **नहीं** माना जाता है

(अ) ठुड्डी स्तन को छुती हुई
(ब) मुँह पुरा खुला हुआ
(स) एरिओला का ऊपरी हिस्सा निचले हिस्से से कम दिखाई देता है
(द) निचला होठ बाहर की तरफ मुड़ा हुआ

14. औज़ार को विसंक्रमित करने के बारे में क्या **सही** है

(अ) नल के साफ पानी से धोने के बाद इस्तेमाल किये गये औज़ारों को 0.5% क्लोरीन घोल में डुबोयें
(ब) औज़ारों को सेवलॉन के घोल में डुबोकर रखना
(स) इस्तेमाल किये गये औज़ारों को 10 मिनट तक 0.5% क्लोरीन के घोल में रखना
(द) अगर औज़ारों को ऑटोक्लेव किया जाता है तो विसंक्रमित करने की ज़रूरत नहीं है

15. जोड़ी मिलायें:

| | | | |
|---|---|---|---|
| (अ) | पीला बैग | (1) | सामान्य कचरा |
| (ब) | लाल बैग | (2) | शारीरिक कचरा |
| (स) | पंक्चर प्रुफ | (3) | दुबारा व्यवहार योग्य संक्रमित प्लास्टिक |
| (द) | काला बैग | (4) | नुकीली और धारवाली वस्तुएँ |